### एक नजर में

**आज ग्वालियर में पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक**

**ग्वालियर.** जिले में पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत जन्म से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की ''दो बूंद'' खुराक पिलाई जावेगी, इस अभियान में लगभग 3.27 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलवाई जावेगी इसके लिये जिले भर में 2216 बूथ बनाये गये है, इसके अतिरिक्त 139 टीम कार्य करेंगी जो पहले दिन से ही घर- घर जाकर घर- घर भ्रमण करेंगी. आज सीएमएचओ ने प्रचार रथ को रवाना किया. इसके अलावा 83 टीम ट्रांजिट बूथ द्वारा हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्डो, प्रमुख चैराहो इत्यादि पर एवं 13 मोबाईल टीम के माध्यम से घूमंतू जातियों, सडक निर्माण, क्रेशर, ईट-भट्टो इत्यादि माइग्रेट्री जनसंख्या में पोलियो की दवा पिलाई जावेगी.

**आज शिवपुरी में 'हल्ला बोल'**

**शिवपुरी.** कांग्रेस एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है. कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में गांधी पार्क मैदान में ॿकिसान न्याय यात्रा, वोट चोरी गद्दी छोड़ - हल्ला बोलॿ के तहत आमसभा आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा .आमसभा से पहले जिला कांग्रेस के नए कार्यालय का भी शुभारंभ किया जाएगा. जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि यह शिवपुरी जिले में उनके नेतृत्व में कांग्रेस का पहला बड़ा आयोजन होगा.

# मॉकड्रिल में आरक्षक घायल

## टियर गैस का गोला लगने से हुई घटना



**ग्वालियर. पुलिस लाइन में शनिवार को मॉकड्रिल के दौरान एक आरक्षक घायल हो गया. एक पुलिसकर्मी द्वारा बलवे में उपद्रवियों को खदेड़ने के अभ्यास में टियर गैस का गोला सिर में लगने से आरक्षक संतोष भदौरिया घायल हो गया, जिसके बाद घायल आरक्षक को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया.**

इस अभ्यास में एसपी धर्मवीर सिंह, एडिशनल एसपी सुमन गुर्जर, जयराज कुबेर, विदिता डागर सहित जिले भर के कई थाना प्रभारी और कर्मचारी शामिल हुए थे. पुलिस के अनुसार, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अफवाहें फैल रही हैं, जिसके कारण तनाव की स्थिति बनी हुई है. पुलिस ने यह मॉकड्रिल कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कवायद की है. एडिशनल एसपी सुमन गुर्जर ने बताया कि पुलिस लाइन में बलवा मॉकड्रिल का अभ्यास चल रहा था, जो एक सामान्य अभ्यास है. पुलिस बीच-बीच में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ऐसे अभ्यास करती है. सुमन गुर्जर ने बताया कि अभ्यास के दौरान आरक्षक संतोष भदौरिया बलवाइयां के ग्रुप में था.

> वह मिट्टी और कपड़े से बने पत्थर फेंक रहा था. तभी इनको रोकने के लिए टियर गैस के गोली चलाए गए थे. इसी दौरान एक नुकीली चीज आरक्षक के सिर में आकर लग गई थी. उसके सिर में चोट आई थी. उसे निजी स्थल भर्ती कर दिया है. उसके सिर का सीटी स्कैन कराया गया है.

## भावांतर भुगतान योजना में लापरवाही पर 2 अधिकारी निलंबित

**बड़वानी.** भावांतर भुगतान योजना में सोयाबीन फसल के पंजीयन नहीं कराने एवं बिना पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य क्षेत्र से अनुपस्थित रहने तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं ली जाकर कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर उप संचालक कृषि ने जिले के बाबदड़ के कृषि विस्तार अधिकारी अर्जुन अवाया एवं झोपाली के कृषि विस्तार अधिकारी दयाराम चौहान को निलंबित किया है. निलंबन काल में दोनों अधिकारियों का मुख्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी बड़वानी का कार्यालय नियत किया है.

# अवैध खनिज परिवहन के सात प्रकरणों में शास्ति आरोपित

**नीमच,11 अक्टूबर. हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के पांच प्रकरणों में अनावेदकों पर कुल 23 लाख 25 हजार 275 रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है.**

कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक वाहन मालिक अशोक कुमार पिता कन्हैयालाल धाकड़ निवासी मण्डझवरी तहसील बेगु जिला चित्तौडगढ के पास रेत परिवहन के लिए रायल्टी पास नहीं पाये जाने पर खनिज की रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 48875 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 4 लाख रूपये , इस प्रकार वाहन चालक , मालिक पर कुल 4 लाख 46 हजार 875 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई हैं. खनि अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन डम्पर क्रमांक क्रछ्09त्रष्6212 को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए. खनिज सर्वेयर द्वारा एक अक्टूबर 2025 को रतनगढ़ में आकस्मिक भ्रमण के दौरान रैत से भरा वाहन जप्त किया गया था. इस पर अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया था.

# कलेक्टर बैनल की स्वास्थ्य सेवकों को दो टूक

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षा



**सिंगरौली 11 अक्टूबर. कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य संबंधित पैरामीटरो की जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास की समीक्षा बैठक आयोजित हुई.**

बैठक के दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभाग द्वारा जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया कि सीएमएचओ सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग का अमला क्षेत्रो का नियमित रूप से भ्रमण करे. साथ ही विभागो द्वारा संचालित किए जा रहे जन हित कार्यक्रमो एवं स्वास्थ्य संबंधित पैरामीटरो के तहत कार्य कर प्रगति लाये. साथ ही कहा कि मेरे द्वारा भी औचक रूप जिला अस्पताल सहित पीएसी एवं सीएचसी का निरीक्षण किया जायेगा. निर्धारित समयो पर चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे एवं अपने दायित्वो का निर्वहन करें.

### कुपोषित बच्चों को लक्ष्य के अनुरूप भर्ती कराएं

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण एवं कुपोषित बच्चों को लक्ष्य के अनुरूप ब्लॉकवार स्वास्थ्य केन्द्रो में भर्ती कराई जाये. साथ ही महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया जाना सुनिश्चित करेंगे. साथ ही समय पर इनका टीकाकरण स्वास्थ्य चेकअप भी किया जाना सुनिश्चित किया जाये. कलेक्टर ने स्वास्थ्य कार्यक्रमो की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमो के माध्यम से शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से प्रकरणो का फॉलोअप करे.

# पार्षद के विवादित बयान ने बढ़ाई हलचल

**बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**नगर निगम के परिषद सम्मेलन में दिया बयान**

**इंदौर . तीन दिन पहले इंदौर नगर निगम के परिषद सम्मेलन में स्वदेशी अपनाने के मुद्दे पर चल रही चर्चा के दौरान कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान के बयान ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया.**

रुबीना ने कहा कि मुसलमान भारत में रहकर छाती पर छाती पर मूंग दलेंगे, जिससे सभा में सियासी और सामाजिक विवाद खड़ा हो गया. मामला गुरुवार को नगर निगम परिषद सम्मेलन का है, इस दौरान कांग्रेसी पार्षद रुबीना इकबाल खान द्वारा दिए गए उदबोधन में उक्त बात कहीं थी, जिस पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस बयान को निंदनीय बताया और कहा कि यह गंभीर विषय को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास है.



> महापौर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को पार्षद अनवर कादरी के मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन पार्टी ने वॉकआउट कर चर्चा से बचने का रास्ता अपनाया. दरअसल, गुरुवार को नगर निगम परिषद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर चर्चा चल रही थी. इसी दौरान रुबीना ने स्वदेशी अपनाने का समर्थन करते हुए राजनीतिक टिप्पणी कर दी. उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और राजनीतिक दलों के बीच कड़ी प्रतिक्रिया पैदा कर रहा है.



## मील का पत्थर साबित होगी पीएम धन धान्य कृषि योजना : डॉ .राजेश

**सीधी 11 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश के किसान भाई-बहनों को 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया.**

प्रधानमंत्री ने पीएम धन धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन तथा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ किया. उन्होंने कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया.

# पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**120 से अधिक लोगों ने लिया लाभ**

**सीधी,11 अक्टूबर . पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन एवं प्रेरणा से तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को पुलिस परेड ग्राउंड, सीधी में पुलिस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

इस शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के शारीरिक स्वास्थ्य की नियमित जांच, रोगों की प्रारंभिक पहचान तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा.विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य विभाग सीधी के सहयोग से जिला चिकित्सालय की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण किए .



डॉ. अंकिता सिंह महिला रोग विशेषज्ञ,डॉ. एस. परिहार सर्जन एवं चिकित्सा अधिकारी,डॉ. माधुरी उइके दंत चिकित्सक, डॉ. आशीष जाटव जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ, अनुराग प्यासी, सौरभ सोनी, विशाल सिंह सहयोगी स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे.इन सभी विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया.

## प्रधानमंत्री सदैव किसानों की करते हैं चिंता : रीती

**सीधी।** विधायक रीती पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव किसानों की चिंता करते हैं. उनका विश्वास है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी साकार होगा जब देश का किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने किसानों के कल्याण और कृषि के आधुनिकीकरण के लिए ऐतिहासिक पहलें की हैं. किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एग्री-इन्फ्रा फंड और नमो ड्रोन दीदी योजना जैसी योजनाओं ने किसानों के जीवन को सहज बनाने के साथ-साथ उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत किया है.

# तैराकी प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण

**खंडवा. इंदौर के तरण पुष्कर स्विमिंग पूल पर शनिवार को संभागीय तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ,जिसमें खंडवा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया.**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि हमारे खंडवा जिले में हर विधा में प्रतिभाओं की कमी नहीं है इन प्रतिभाओं को सम्मानजनक मंच मिल जाता है तो यह प्रतिभाएं अपने हुनर कला का प्रदर्शन करते हुए खंडवा का नाम प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करती हैं. स्विमिंग के क्षेत्र में भी खंडवा के खिलाड़ियों ने संभाग स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण अन्य पदक जीतकर खंडवा का नाम रोशन किया. उल्लेखनीय की यह सभी खिलाड़ी स्विमिंग पूल में नहीं बल्कि गणगौर घाट पर प्रतिदिन पहुंचकर अपने प्रशिक्षकों से स्विमिंग का ज्ञान प्राप्त कर लगातार आगे बढ़ रहे हैं. इंदौर में आयोजित संभाग स्तर की प्रतियोगिता में लहरों के राजा तैराकी संघ के कृष्णा रघुवंशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए. वहीं प्रतीक्षा तिवारी और प्राची सोनी ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल हासिल किया. इसी क्रम में ओजस्व रघुवंशी एवं अथर्व जायसवाल ने तैराकी से ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए. समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रतीक्षा तिवारी, प्राची सोनी और कृष्णा रघुवंशी का चयन आगामी प्रतियोगिता के लिए हुआ है. जो कुछ माह बाद भोपाल में आयोजित की जाएगी.

# हालात संभालने में जुटा जिला प्रशासन

## शहर में उपद्रवियों से निपटने पुलिस ने किया अभ्यास

**ग्वालियर. ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर बढ़ते विवाद और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन एवं परशुराम सेना के 15 अक्टूबर को ग्वालियर में संभावित प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले में धारा 163 लागू कर दी है.**


अब बगैर अनुमति धरना-प्रदर्शन, जुलूस, चल समारोह नहीं निकाले जा सकेंगे. वहीं शनिवार को पुलिस लाइन में मॉकड्रिल कर पुलिसकर्मियों को उपद्रवियों से निपटने का अभ्यास कराया गया. उधर, कलेक्टर-एसपी ने शहर के व्यापारियों, प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर शांति की अपील की है. हाईकोर्ट परिसर में प्रतिमा लगाने को लेकर पिछले एक साल से विवाद चल रहा है. आजाद समाज, भीम आर्मी, ओबीसी महासभा सहित वकीलों का एक धड़ा प्रतिमा लगाने की मांग कर रहे हैं, जबकि वकीलों का दूसरा धड़ा इसके खिलाफ है. इसे लेकर वाद-विवाद का दौर चल रहा है. पिछले दिनों बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने सोशल मीडिया पर डॉ. अंबेडकर को लेकर एक वीडियो पोस्ट किया था. जिसमें डॉ. अंबेडकर को अंग्रेजों का गुलाम-एजेंट, झूठा कहने के साथ ही आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था. इसे लेकर ग्वालियर और मुंबई के ठाणे में एफआईआर दर्ज हुई है.

> वकीलों का एक गुट इस कार्रवाई से नाराज है और प्रदर्शन का आव्हान किया है. पुलिस के इस फैसले से नाराज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन पाठक ने भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग करते हुए कहा था कि 15 अक्टूबर को ग्वालियर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा. इसका समर्थन परशुराम सेना ने किया था. इसे संभावित प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है. पुलिस लाइन में आयोजित मॉकड्रिल में पुलिसकर्मियों को उपद्रवियों से निपटने का अभ्यास कराया गया.

# भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित परिवार के साथ : हेमंत

**नई दिल्ली 11 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को भोपाल में पुलिस की कथित पिटाई से मृत युवक उदित गायकी के परिजनों से बात की।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने मृतक उदित गायकी के अशोका गार्डन स्थित निवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मृतक के परिजनों की बात कराई। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली संवेदनशील भाजपा सरकार ने दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित पक्ष के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगे. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने मृत युवक के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस पूरी घटना की निष्पक्ष व गहराई से जांच होगी.



# फ्रिज के नीचे चैंबर से 8 पेटी अवैध शराब जब्त

## अवैध शराब की अनुमानित कीमत 71 हजार 780 रुपए

**मंडला. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मंडला में अवैध मदिरा के संग्रहण और विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है.**

इस कार्रवाई में एक घर से 68.76 लीटर अवैध विदेशी शराब की आठ पेटियां जब्त की गईं, जिसकी अनुमानित कीमत 71 हजार 780 रूपए है. बताया गया कि जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में विभाग को सिद्ध टेकरी कॉलोनी रोड पर अवैध मदिरा के बड़े भंडार की गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर टीम ने संबंधित घर की विधिवत तलाशी ली. तलाशी के दौरान आबकारी दल को रसोई में रखे फ्रिज के नीचे बने एक गुप्त चेंबर में अवैध शराब छिपी मिली.



बताया गया कि चेंबर से विभिन्न ब्रांड की विदेशी मदिरा की कुल 8 पेटियां बरामद की गईं. इसमें मुख्य रूप से मैकडॉवेल्स व्हिस्की की 05 पेटियां, मैकडॉवेल्स रम की 02 पेटियां और गोआ व्हिस्की की 01 प्लास्टिक बोरी शामिल है. आरोपी के घर से 68.76 लीटर मदिरा जब्त की गई. मौके पर मौजूद आरोपी महिला गोदावरी यादव को धारण क्षमता से अधिक मात्रा में अवैध मदिरा रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया.

**कार्यक्रम** एएमआई शिशु मंदिर के 80वें स्थापना दिवस पर हुए रंगारंग आयोजन

# एएमआई शिशु मंदिर की स्थापना को 80 वर्ष पूरे

**ग्वालियर,11 अक्टूबर. ए.एम.आई. शिशु मन्दिर की स्थापना को 80 वर्ष पूर्ण हो रहे है जिसे आज रंगारंग कार्यक्रम के रूप में मनाया गया. कार्यकम की मुख्य अतिथि डॉ. ऋतु सप्रा प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं ए.एम.आई. बोर्ड ऑफ गवर्नर की अध्यक्षा महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने दीप प्रज्वलित किया.**



इस अवसर पर महान आर्यमन सिंधिया भी उपस्थित थे. 1945 में स्थापित हुआ यह विद्यालय 2025 में अपनी स्थापना के 80 वर्ष पूर्ण कर रहा है. इस अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक समारोह की थीम है चलचित्र ए जर्नी ऑफ 80 इयर्स.

कार्यकम का आगाज करते हुए सबसे पहले हेड गर्ल मैत्री वर्मा ने स्वागत भाषण दिया. उन्होने स्कूल में बिताए गए समय की कुछ यादें सबके साथ साझा की एवं शिक्षकों के योगदान को याद किया. तत्पश्चात् ए.एम.आई. की डायरेक्ट्रैस श्रीमती वीणा सिंह ने स्कूल रिपोर्ट पेश की.बोर्ड ऑफ गवर्नर की प्रैसीडेन्ट प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया एवं महानआर्यमन सिंधिया ने भी मंच से सभी अभिभावकों अतिथियों एवं एल्यूमिनाई को सम्बोधित किया. विजयाराजे एक्सीलेंस अवार्ड डॉ. ऋतु सप्रा को दिया गया. पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें बारहवीं कक्षा एवं दसवी बोर्ड कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय आने वाले एवं विभिन्न विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल्स प्रदान किए गए. मुख्य अतिथि डॉ. ऋतु सप्रा को विजयाराजे एक्सीलन्स अवार्ड से सम्मानित किया गया. ए.एम.आई. शिशुमन्दिर के 2025 में 80 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं द्वारा एक नाटक (डांस-ड्रामा) प्रस्तुत किया गया जिसमें स्कूल की 1945 में स्थापना से लेकर आज 2025 तक की कहानी व यात्रा को बड़े ही मनमोहक एवं नाट्य रूपांतरण के द्वारा प्रस्तुत किया ए.एम.आई. के छात्रों ने.

### चित्रांगदा राजे को स्पार्क अवार्ड दिया

इस डिस्प्ले बोर्ड का आंकलन भी किया गया एवं सर्वश्रेष्ठ बोर्ड व छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगाली के आधार पर चित्रांगदा राजे स्पार्क अवार्ड दिया गया इसके साथ ही मॉन्टेसरी हॉल मे एक आर्ट एण्ड काफ्ट की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया. इसमे मुख्य रूप से टेक्सचर आर्ट को फोकस किया गया इसके अतिरिक्त लिप्पन आर्ट, वर्ली आर्ट, ग्लास पेन्टिग, पेपर काफ्ट, ऑरीगैमी, टाइल्स पेंटिंग, बच्चो की अलग-अलग प्रकार की कैप्स आदि सामान को दिखाया गया.

## संजय गांधी अस्पताल के ओपीडी में हंगामा

**रीवा.** संजय गांधी अस्पताल के ओपीडी में पर्ची कटाने के दौरान मरीज के परिजन और अटेंडर के बीच बहस-बाजी के साथ हाथापाई हो गई. दरअसल पर्ची कटाने के दौरान लाइन में लगने को लेकर विवाद की स्थित शुरू हुई और उसके बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया. किसी तरह मामले को शांत कराया गया और अस्पताल प्रबंधन ने जांच की बात कही है. संजय गांधी अस्पताल की ओपीडी में शनिवार की सुबह इलाज कराने आए मरीजो और उनके परिजनो से सुरक्षा कर्मियों का विवाद हो गया. सुबह 11 बजे रेरूआ निवासी पुष्पेन्द्र पटेल अपने भाई और भारी को इलाज के लिये लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे थे.



## महापौर ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रीवा, 11 अक्टूबर, नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 08 में शिव मैरिज गॉर्डन से धनश्याम सिंह के घर तक आर.सी.सी सडक् एवं पुलिया का निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर अजय मिश्रा की मौजूदगी में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक हर्ष प्रसाद चतुर्वेदी एवं बाल्मीक चतुर्वेदी के द्वारा नारियल तोडक़र किया गया.

उक्त कार्य की लागत 16.26 लाख रू. है. इस आरसीसी सडक् एवं पुलिया निर्माण होने से वार्ड के सैकड़ों परिवारो को लाभ प्राप्त होगा.